an>

Title: Regarding construction of flyover in Jalandhar.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे ज़ीरो ऑवर में अपनी बात रखने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

मैडम, सिक्स लेन जालंधर-पानीपत एक्सप्रेस वे, जो नैशनल हाईवे नंबर-1 है, यह सन् 2009 में शुरु हुआ था और इसको तीस महीने में मुक्कमल होना था। मैडम, यह नैशनल हाईवे मेरे संसदीय क्षेत्र जालंधर से गुज़रता है और जालंधर का अपना महत्व है। जालंधर एक इंडस्ट्रियल हब है, वहां स्पोर्ट्स इंडस्ट्री है, हैण्ड-टूल इंडस्ट्री है, लैदर इंडस्ट्री है, वहां बहुत सारे रिलिजियल प्लेसिस और एजुकेशनल इंस्टिट्शंस हैं।

जालंधर स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में आया है। मेरे जालंधर सिटी को जो मुख्य द्वार है, वहाँ रामा मंडी जंक्शन पर फ्लाईओवर बन रहा है। यह पिछले दस साल से अपूर्ण है और यह रूका हुआ है। इस फ्लाईओवर के रूकने की वजह से जो हजारों की संख्या में वहाँ से वाहन गुजरते हैं, उनसे ट्रैफिक जाम होता है। वहाँ इसकी वजह से दुर्घटनाएं होती हैं। जो लोग माता चिंतपूर्णी और माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाते हैं, इसकी वजह से उन्हें असुविधा होती है। इसी तरह से मेरा अगला जंक्शन पीएपी चौक है, फ्लाईओवर है। वह शहर का मुख्य जंक्शन है। वह भी दस साल से अपूर्ण पड़ा हुआ है। हमने बहुत बार मंत्रालय से और उसे बनाने वाली एजेंसी से निवेदन किया है, लेकिन वह वैसे का वैसे ही पड़ा हुआ है। इसके आगे हमारा पठानकोट चौक है। पठानकोट चौक के फ्लाईओवर और अन्य दूसरे फ्लाईओवर्स का जो स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम है, उसे इन्होंने फॉल्टी बनाया है। जब बारिश होती है, तो इसकी वजह से सारा शहर फ्लडिड हो जाता है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि इन तीनों प्रोजेक्ट्स को फौरी तौर पर टेकओवर किया जाए ताकि शहर को जो हम स्मार्ट सिटी बनाने जा रहे हैं, उसमें हमें कामयाबी मिले और इसकी वजह से लोगों को जो असुविधा होती है, उससे निजात हासिल कर सकें। आप इसके लिए मंत्रालय को निर्देश दें कि फौरी तौर पर इन प्रोजेक्ट्स को पूरा किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री संतोख सिंह चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।